दिन– मंगलवार | दिनांक– 17 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. लोकसभा में एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित एक सौ उनतीसवां संविधान संशोधन विधेयक पेश।

02. केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए छह सूत्री कार्यनीति तैयार की है।

03. श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने बोधगया के महाबोधि मंदिर में की पूजा अर्चना। पवित्र बोधि वृक्ष का दर्शन भी किया।

04. और, पूरबा हवा के प्रभाव से लोगों को ठंड से मिली राहत। मौसम विभाग का पूर्वानुमान दो दिनों बाद फिर होगी ठंड में बढ़ोतरी।

———————————————————————

एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित एक सौ उनतीसवां संविधान संशोधन विधेयक– दो हजार चौबीस आज लोकसभा में पेश किया गया। केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संशोधन विधेयक प्रस्तुत करते हुए कहा कि इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी। श्री मेघवाल ने कहा कि विधेयक में चुनाव प्रक्रिया को सरल, समयअनुकूल और कम खर्चीला बनाने का प्रयास किया गया है। इधर, कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों ने विधेयक पेश करने का विरोध किया है। विपक्ष ने इसे संविधान के बुनियादी ढांचे पर एक प्रहार बताया। विपक्षी दलों ने विधेयक को जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति–जेपीसी को भेजने की मांग की है।

———————————————————————

केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि एक देश, एक चुनाव विधेयक आज की बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इससे देश के संसाधन का बचाव होगा।

———बाईट———

इधर, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक के पक्ष में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि विधेयक संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जाना चाहिए।

———बाईट———

हम वन नेशन वन इलेक्शन के विधेयक को संविधान के खिलाफ मानते हैं। वह संविधान की मूल ढांचा जो है, उसके खिलाफ है। लोकतंत्र को हटाने के लिए, लोकतंत्र को चुप करने के लिए ये चलाए जा रहा है, एक तंत्र का तोप का एक हथियार है– वन नेशन वन इलेक्शन, और मैं कह दू। वन नेशन वन इलेक्शन विधेयक एक बिगुल है, संविधान बदलने का।

———————————————————————————

राज्यसभा में भारतीय संविधान की पचहत्तर वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर विशेष चर्चा आज भी जारी है। सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारतीय लोकाचार के अनुसार, लोकतंत्र में स्वतंत्रता, समानता और समावेशिता समाहित हैं, जो देश के नागरिकों को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार देते हैं। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि संविधान की मर्यादा को हर हालत में बचाए रखने का प्रयास हमें मिलकर करना है।

———बाईट———

गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान के जरिए भारतीय लोकतंत्र सदैव मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि संविधान प्रदत अधिकारों के जरिए नागरिकों ने अलोकतांत्रिक विचारों को समय–समय पर जवाब दिया है।

———बाईट———

इससे पहले, चर्चा में जेडीएस नेता एच डी देवेगौड़ा, टीएमसी की सुष्मिता देव और जदयू के रामनाथ ठाकुर समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी हिस्सा लिया।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए छह सूत्री कार्यनीति तैयार की है। लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस नीति के नतीजे सामने आने लगे हैं।

———बाईट———

हमने छह सूत्री रणनीति बनाई है। पहला उत्पादन बढ़ाना, दूसरा उत्पादन की लागत कम करना, तीसरा उत्पादन के ठीक दाम देना। अगर प्राकृतिक आपदा आये तो नुकसान की भरपाई करना, पांचवा कृषि का विविधिकरण और छठवां जैविक को प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देना और 2019 में प्रधानमंत्री जी ने एक क्रांतिकारी फैसला किया कि फसलों के दाम जो उत्पादन की लागत है, उस पर कम से कम 50ः लाभ देकर घोषित किए जाएंगे और तब से घोषित हो रहे हैं, ये लगातार।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने ई–एनडब्ल्यूआर आधारित प्रतिज्ञा वित्तपोषण के लिए ऋण गारंटी योजना शुरू की है। इस योजना के तहत, किसान अब अपनी उपज के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकेंगे। किसानों को भण्डारण विकास और विनियमन प्राधिकरण के साथ पंजीकृत गोदामों में अपनी उपज जमा करने के बाद, एक इलेक्ट्रॉनिक नेगोशिएबल वेयरहाउस रसीद जारी की जाएगी। इस रसीद का उपयोग बैंकों और अन्य ऋण देने वाली संस्थाओं से कम ब्याज दर वाले ऋण प्राप्त करने के लिए डिफ़ॉल्ट के खिलाफ गारंटी के रूप में किया जा सकता है।

————————————————————

शेखपुरा पुलिस ने शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र के पांची–मीरपुर बधार से आठ साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक बलराम कुमार चौधरी ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत सक्रिय भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से प्राप्त सूचना के आधार पर छापेमारी में यह सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए अपराधी कथित रूप से कॉल सेंटर चलाकर फाइनॉन्स कंपनी से ऋण दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करते थे।

———बाईट———

————————————————————

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने आज बोधगया के महाबोधि मंदिर में पूजा अर्चना की। श्री दिसानायके ने पवित्र महाबोधि वृक्ष का दर्शन किया। राष्ट्रपति दिसानायके ने बोधिवृक्ष के नीचे बैठकर कुछ समय प्रार्थना भी की। उन्होंने महाबोधि मंदिर परिसर स्थित मुकालिंदा सरोवर, रत्नगिरी, चंकरामण समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का भी दौरा किया। इससे पूर्व बोधगया पहुंचने पर महाबोधि मंदिर के मुख्य पुजारी भिक्षु चलिंदा और बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने श्रीलंका के राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर मंदिर परिसर और आस–पास के क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी।

————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजीव हंस और उनके निकट सहयोगियों की तेईस करोड़ बहत्तर लाख रूपये मूल्य की सम्पत्ति को अस्थायी रूप से जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नागपुर में तीन भू–खंड, दिल्ली स्थित एक फ्लैट और जयपुर स्थित तीन फ्लैट जब्त किये गये हैं। इधर, पटना स्थित विशेष अदालत में ईडी ने संजीव हंस, पूर्व विधायक

गुलाब यादव, पुष्प राज, सदाब और तीन कम्पनियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

———————————————————————

पूरबा हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में तापमान में वृद्धि से लोगों को ठंड से राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के दक्षिणी इलाकों में सर्द हवा का प्रभाव भी कम हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकांश भागों रात के तापमान में आंशिक वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा। इसके बाद ठंड में एक बार फिर से बढ़ोतरी होने की संभावना है।

———बाईट———

———————————————————————

बेगूसराय जिले के आठ खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्कूल गेम्स ताईक्वांडों प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ये सभी खिलाड़ी बीस दिसम्बर से मध्य प्रदेश के देवास में होने वाले अंडर–नाईन्टिन बालक–बालिका प्रतियोगिता के विभिन्न स्पर्धा में भाग लेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी राजदेव राम ने आज अपने कार्यालय कक्ष में चयनित खिलाड़ियों का स्वागत किया।

———————————————————————

राज्यपाल राजेंद्र विश्नाथ आर्लेकर ने कहा है कि राज्यवासी लेखन कला के धनी हैं। श्री आर्लेकर ने आज पटना में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की पुस्तक 'आरोग्य पथ पर बिहार– जनस्वास्थ्य का मंगल काल' का विमोचन करते हुए यह बात कही। पुस्तक में बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं में हुए सुधार, उपलब्धियों और चुनौतियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर भाजपा, जदयू और लोजपा, रामविलास के कई नेता मौजूद थे।

———————————————————————

विधान पार्षद शशि यादव के नेतृत्व में भाकपा माले का पांच सदस्यीय दल आज समस्तीपुर के बंगरा स्थित सरसौना पहुंचा। दल ने सरसौना सीमेंट फैक्ट्री में एक मजदूर की मौत के बाद विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज के पीड़ितों से मुलाकात की। दल के सदस्यों ने मृतक मजदूर के परिजनों से बातचीत की। माले नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ताजपुर में प्रतिरोध मार्च निकाला और इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

———————————————————————————

सीतामढ़ी पुलिस ने जिले के टॉप–टेन अपराधियों में शामिल विजय झा को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए अपराधी पर तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर विकास झा के गिरोह के लिए काम करता था।

———————————————————————————

खगड़िया पुलिस ने गोगरी थाना क्षेत्र से मोटरसाईकिल चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। सदर डीएसपी मुकुल रंजन ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से चोरी की दो मोटरसाईकिल, तीन मास्टर चाभी समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया है।

———————————————————————————

कैमूर जिले में भभुआ प्रखंड के चौदह पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन दिया है।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा– टू प्रखंड की सहकारी प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की चार छात्राओं रानी, रेशमा, श्रेया और चुनमुन का चयन राष्ट्रीय बाल विज्ञान शोध प्रतियोगिता के लिए किया गया है। छात्राओं की इस सफलता से पूरे इलाके में खुशी की लहर है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. लोकसभा में एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित एक सौ उनतीसवां संविधान संशोधन विधेयक पेश।

02. केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए छह सूत्री कार्यनीति तैयार की है।

03. श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने बोधगया के महाबोधि मंदिर में की पूजा अर्चना। पवित्र बोधि वृक्ष का दर्शन भी किया।

04. और, पूरबा हवा के प्रभाव से लोगों को ठंड से मिली राहत। मौसम विभाग का पूर्वानुमान दो दिनों बाद फिर होगी ठंड में बढ़ोतरी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।